दिन–गुरुवार दिनांक– 26 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज अररिया में सीमा सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा समेत अन्य मुद्दों पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। किशनगंज में हुई बैठक में अवैध घुसपैठ रोकने के दिये निर्देश।

02. बिहार की पांच राज्यसभा सीटों के चुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी होने के साथ ही शुरू हो जायेगी नामांकन की प्रक्रिया।

03. राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने राजस्व न्यायालयों में लम्बित वादों के निपटारे के लिए समय सीमा तय की। दाखिल–खारिज के मामले पैंतीस दिनों में होंगे निष्पादित।

04. और, आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप के सुपर–एट मुकाबले में आज भारत का सामना जिम्बाब्वे से होगा।

———————————————————————————

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपने बिहार दौरे के दूसरे दिन आज अररिया में सीमा सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा समेत अन्य मुद्दों पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका और एसएसबी, ईडी, आईबी जैसी केन्द्रीय एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी और सभी सीमावर्ती सात जिलों के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक शामिल होंगे। गृह मंत्री एसएसबी की सीमा चौकी लेटी का उद्घाटन करेंगे और जवानों के साथ संवाद करेंगे। इसके बाद वे सीमावर्ती गांवों के विकास के लिए केन्द्र सरकार की वाइब्रेंट विलेज योजना की प्रगति की समीक्षा करेंगे। इधर, हमारे किशनगंज संवाददाता ने बताया कि केन्द्रीय गृह मंत्री ने कल समाहरणालय सभागार में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। श्री शाह ने सीमांचल में जनसांख्यिकी के बदलते स्वरूप पर विचार–विमर्श किया और अवैध घुसपैठ रोकने के लिए अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिये।

———बाईट———

केन्द्रीय गृह मंत्री ने सीमांचल की सुरक्षा, विकास, घुसपैठ और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने को लेकर अधिकारियों के साथ गहन विचार–विमर्श किया। सिलीगुड़ी गलियारा की सामरिक स्थिति को लेकर भी बैठक में विचार–विमर्श किया गया। बैठक में सुरक्षा के साथ विकास को जोड़ते हुये सीमावर्ती गांव के सशक्तिकरण पर विशेष रूप से चर्चा हुई। गृह मंत्री ने वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और संचार सुविधाओं को बेहतर बनाने के प्रयासों की भी समीक्षा की। बैठक में केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विभिन्न केन्द्रीय एजेंसियों के प्रमुख, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार समेत सीमावर्ती जिलों के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे।

आकाशवाणी समाचार के लिए किशनगंज से विशाल कुमार।

———————————————————————————

बिहार समेत दस राज्यों में राज्यसभा की सैंतीस सीटों के चुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी होगी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही आज से ही नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो जायेगी। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नामांकन की अंतिम तिथि पांच मार्च तक निर्धारित है। वहीं, प्रत्याशी नौ मार्च तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। आवश्यकता होने पर सोलह मार्च को मतदान कराया जाएगा। गौरतलब है कि नौ अप्रैल को राज्य के पांच सांसदों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इनमें जदयू कोटे के सांसद और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर, राजद के प्रेमचंद गुप्ता और अमरेन्द्रधारी सिंह तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा शामिल हैं।

———————————————————————————

विधानसभा में आज छह महत्वपूर्ण विधेयक पेश किये जायेंगे। इन विधेयकों में बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड संशोधन विधेयक, बिहार अधिवक्ता कल्याण निधि संशोधन विधेयक और बिहार सूक्ष्म वित्त संस्थाए विधेयक प्रमुख हैं। इधर, कल विधान परिषद ने चार विधेयकों को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इनमें बिहार नगरपालिका संशोधन विधेयक दो हजार छब्बीस, बिहार तकनीकी सेवा आयोग संशोधन विधेयक दो हजार छब्बीस, बिहार कर्मचारी चयन आयोग संशोधन विधेयक दो हजार छब्बीस और बिहार सिविल न्यायालय विधेयक दो हजार छब्बीस शामिल हैं।

———————————————————————————

वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के बजट में बच्चों के कल्याण के लिए इकहत्तर हजार चार सौ उनचास करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कल विधानसभा में बाल कल्याण योजनाओं के लिए बाल बजट पेश किया। उन्होंने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष के बजट की तुलना में इस बार बाल बजट में दस दशमलव छह नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई है। राज्य में वित्तीय वर्ष तेरह–चौदह से बाल बजट की शुरूआत हुई थी।

———————————————————————————

पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा है कि वर्ष दो हजार तीस तक हरेक पंचायत में मुख्यमंत्री कन्या विवाह भवन का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जायेगा। विधानसभा में एक तारांकित प्रश्न के उत्तर में उन्होंने यह जानकारी दी।

———————————————————————————

राज्य सरकार देवघर–सुल्तानगंज की तर्ज पर राज्य में कांवरिया पथों के निर्माण पर विचार कर रही है। पथ निर्माण मंत्री दिलीप जायसवाल ने विधानसभा में कहा कि इन पथों के निर्माण की सम्भावनाओं का अध्ययन किया जा रहा है।

———————————————————————————

परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार पटना से छपरा के बीच एक जोड़ी नई ट्रेन के परिचालन का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजेगी। विधानसभा में गैर सरकारी संकल्प का जवाब देते हुये श्री कुमार ने यह जानकारी दी।

———————————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने राजस्व न्यायालयों में लम्बित वादों के निपटारे के लिए समय सीमा तय कर दी है। विभाग के प्रधान सचिव सी.के. अनिल की ओर से सभी समाहर्ताओं को भेजे गये पत्र में कहा गया है कि दाखिल–खारिज के मामलों को पैंतीस दिन में निष्पादित करना अनिवार्य होगा। रिवीजन अपील के लिए तीस दिनों की समय सीमा निर्धारित की गयी है। प्रधान सचिव ने सभी लम्बित मामलों का निष्पादन तीन महीने के अन्दर पूरा करने का निर्देश दिया है।

———————————————————————————

भारतीय रेल ने होली के त्योहार के दौरान सुगम, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्था की है। यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुये विशेष ट्रेनें विभिन्न रेलवे जोन में एक हजार दो सौ चौवालीस फेरे लगाएंगी। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

———————————————————————————

पूर्व मंत्री पूर्णमासी राम का कल पटना में लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे छिहत्तर वर्ष के थे। पूर्णमासी राम बगहा विधानसभा क्षेत्र से पांच बार विधायक और गोपालगंज के सांसद रह चुके थे। उनका अंतिम संस्कार आज बगहा के नरैना घाट पर सम्पन्न होगा। पूर्व मंत्री के निधन पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी समेत विभिन्न दलों के नेताओं ने गहरा शोक जताया है।

———————————————————————————

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप के सुपर–एट मुकाबले में आज चेन्नई में शाम सात बजे भारत का सामना जिम्बाब्वे से होगा। भारत सुपर–एट में दक्षिण अफ्रीका

से अपना पहला मैच हार चुका है। वहीं, एक अन्य मैच में अहमदाबाद में आज दोपहर तीन बजे वेस्टइंडीज का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। इधर, कल खेले गये मैच में न्यूज़ीलैंड ने श्रीलंका को इकसठ रन से पराजित कर दिया। इस हार के साथ ही श्रीलंका टूर्नामेंट से बाहर हो गया है।

———————————————————————————

पुलिस मुख्यालय ने बच्चा चोरी की अफवाहों पर सभी थानों को अलर्ट जारी किया है। अपर पुलिस महानिदेशक अमित कुमार जैन ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि ऐसा देखा जा रहा है कि बच्चा चोरी के मामले में तेजी से अफवाह फैलाई जाती है। इस कारण मॉब लिंचिंग का माहौल हो जाता है और निर्दोष व्यक्ति भीड़ के शिकार हो जाते हैं। उन्होंने लोगों से ऐसे मामलों की सूचना तत्काल डायल एक सौ बारह या नजदीकी थाने को देने की अपील की।

———बाईट———

———————————————————————————

प्रदेश में सड़क सुरक्षा को देखते हुये चौदह हजार नये स्थानों पर ज़ेब्रा क्रॉसिंग बनायी जायेगी। इसके लिए तीस अप्रैल तक की समय सीमा निर्धारित की गयी है। विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह ने इस संबंध में संबंधित विभागों और प्राधिकरणों को आदेश जारी किया है।

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा कल सम्पन्न हो गयी। परीक्षा में पन्द्रह लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हुये। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि पूरी परीक्षा अवधि में बत्तीस परीक्षार्थियों को कदाचार के आरोप में निष्कासित किया गया। भोजपुर से सबसे अधिक छह परीक्षार्थी निष्कासित किये गये। वहीं, दूसरे के बदले परीक्षा दे रहे कुल सत्रह परीक्षार्थी पकड़े गये।

———————————————————————————

पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के लिए आज पटना साइंस कॉलेज में अध्यक्षीय भाषण होगा। साथ ही आज शाम पांच बजे चुनाव प्रचार भी समाप्त हो जायेगा। मतदान अट्ठाईस फरवरी को होना है और इसी दिन देर रात तक परिणाम भी आने की सम्भावना है।

———————————————————————————

पटना मेट्रो के प्राथमिकता खंड के तहत आज भूतनाथ से मलाही पकड़ी के बीच मेट्रो परिचालन का ट्रायल रन होगा। इस दौरान ट्रैक, सिग्नलिंग और यात्री सुरक्षा

मानकों की गहन जांच की जायेगी। सुरक्षा जांच सफल रहने के बाद इस रूट पर मेट्रो का नियमित परिचालन शुरू होगा।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के भारत–नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में चौंतीस किलो पांच सौ ग्राम चरस के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद चरस का बाजार मूल्य सत्तासी लाख रूपये से अधिक बताया जाता है।

———————————————————————

भागलपुर में एक दम्पति से लगभग उन्नीस लाख रूपये साईबर ठगी के मामले में पुलिस ने सारण जिले के सोनपुर से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले भी दो लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

———————————————————————

रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम के रेलवे स्टेडियम में कल से एक मार्च तक प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत प्रदर्शनी–सह–व्यापार मेले का आयोजन किया जायेगा। मेले में बढ़ई, लोहार, कुम्हार समेत विभिन्न पारंपरिक कारीगर अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगायेंगे।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बिहार दौरे की खबरें आज के सभी समाचार पत्रों की प्रमुख सुर्खी है।

दैनिक जागरण ने लिखा है– घुसपैठ के स्थायी समाधान पर बनेगा एक्शन प्लान, सीमांचल में महामंथन।

हिन्दुस्तान ने इसी खबर को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– गृह मंत्री अमित शाह अररिया में एसएसबी की सीमा चौकी का आज करेंगे उद्‌घाटन।

प्रभात खबर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इसरायल दौरे की खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– आतंकवाद पर भारत इसरायल दोनों की है जीरो टॉलरेंस की नीति।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– बिहार में बनेगा शिव सर्किट, पौराणिक महत्व के मंदिर रोड नेटवर्क से जुड़ेंगे।

राष्ट्रीय सागर के शब्द है– जे.पी. गंगा पथ का बक्सर तक विस्तार।

आज अखबार लिखता है– देश की पहली हाईड्रोजन ट्रेन का हरियाणा में रनिंग ट्रायल सफल।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज अररिया में सीमा सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा समेत अन्य मुद्दों पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। किशनगंज में हुई बैठक में अवैध घुसपैठ रोकने के दिये निर्देश।

02. बिहार की पांच राज्यसभा सीटों के चुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी होने के साथ ही शुरू हो जायेगी नामांकन की प्रक्रिया।

03. राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने राजस्व न्यायालयों में लम्बित वादों के निपटारे के लिए समय सीमा तय की। दाखिल–खारिज के मामले पैंतीस दिनों में होंगे निष्पादित।

04. और, आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप के सुपर–एट मुकाबले में आज भारत का सामना जिम्बाब्वे से होगा।

————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।